नईदुनिया

नकली कीटनाशक बेचने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

Publish Date: | Sun, 22 Sep 2019 07:24 PM (IST)

0.कंपनी के साथ किसानों को पहुंचा रहे थे नुकसान

जांजगीर-चाम्पा। नईदुनिया प्रतिनिधि। क्षेत्र में नकली कीटनाशक खपाने वाले दो आरोपी के कब्जे से 7 पैकेट नाटिवो व 8 पैकेट प[illegible]टर्री कीटनाशक दवा जब्त कर आज शिवरीनारायण पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार शनिवार को ड्रू बडी कंसलटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा दिल्ली के मैनेजर शैलेष रजोरिया पिता कैलाश रजोरिया ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि क्षेत्र में उनकी कंपनी के नाम से नकली कीटनाशक दवा बनाकर बेचा जा रहा है और कंपनी को नुकसान होने के साथ किसानों के साथ धोखाधडी भी हो रही है। पुलिस ने शिकायतकर्ता की सूचना पर शिवरीनारायण में कृषि उपकरण व कीटनाशक बेचने वाले गुरू गरिमा बीज केन्द्र में दबिश दी। यहां नकली दवाईयां बनाकर बेचने वाले आरोपी दुकान संचालक आकाश केडिया पिता भरत लाल केडिया के दुकान की जांच की। तलाशी के दौरान गुरू महिला बीज केन्द्र में रखा 7 पैकेट आधा-आधा किलो की नकली दवाईयां जब्त की। इसी तरह नगर के वैष्णव बीज भण्डार में दबिश देकर पुलिस ने दुकानों में रखे सामानों की जांच की। जांच के दौरान दुकान के अंदर से 7 पैकेट प[illegible]टर्री कीटनाशक दवाईयां मिली। पुलिस ने प्रार्थी शैलेष रजोरिया की रिपोर्ट पर आरोपी आकाश केडिया व सत्येनमणी वैष्णव (52) पिता तुकसार दास वैष्णव के खिलाप[illegible] भादवि की धारा 420 व 63 कापीराइट एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।

Posted By: **Nai Dunia News Network**

Source: https://www.naidunia.com/chhattisgarh/janjgir-champa-nakli-kitnasak-bechne-wale-2-girftar-3161179